





## एक नजर में

### स्वास्थ्य विभाग ने सर्पदंश के बचाव व उपचार संबंधी जारी की एडवाइजरी

**मंदसौर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जी.एस. चौहान ने सर्पदंश के बचाव व उपचार संबंधी एडवाइजरी जारी की है उन्होंने बताया की सांप के काटने के बाद काटने की जगह पर दर्द होना, सूजन आना, फफोले होना, खून का बहना, आंखो एवं मुह से खून आना, आंखों की पलके नही खुलना, बेहोशी, उल्टी एवं मलद्वार से खून आना, त्वचा का रंग बदलना, पसीना आना या लार टपकना, सिरदर्द, चक्कर आना या आंखो में धुंधलापन आना, सांस लेने में तकलीफ जैसे लक्षण देखने को मिलते है। इस प्रकार के लक्षण होने पर प्रोटोकॉल अनुसार शासकीय प्राथमिक, सामुदायिक, सिविल अस्पताल एवं जिला चिकित्सालय में मरीज का तुरंत उपचार किया जाना सुनिश्चित करें। सांप काटने के तुरंत बाद पीड़ित को धीरे-धीरे सांप से दूर ले जाएं, पीड़ित को आश्वस्त करें और दिलासा दें, पीड़ित को दोड़ने या तेज चलने न दें, पीने या खाने के लिए कुछ भी न दें, सर्प के काटे स्थान पर सूजन आ सकती है इसलिए जूता, अंगूठी, कलाई घड़ी, ब्रेसलेट या टाइट कपड़ो को जल्द उतार देने की कोशिश करना चाहिए। काटे हुए अंग का हिलाते न हुए उसे स्थिर रखने के लिए अखबार के रोल या लकड़ी की छड़ी या स्टील के रुलर का उपयोग करें, किसी नुकीली चीज से सर्पदंश हुए हिस्से को न काटें, मुंह से जहर चूसने की कोशिश न करें। सीएमएचओ ने बताया कि सर्पदंश के मरीज को 100 मिनिट के भीतर अस्पताल में उचित उपचार करने से मरीज की शत प्रतिशत बचने की संभावना होती है। सर्पदंश के मरीज को बिना समय गवाएं नजदीकी प्राथमिक या सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर जाकर उपचार कराया जाना चाहिए। 70 प्रतिशत सर्प जहरीले नहीं होते हैं, 30 प्रतिशत सर्प जो जहरीले होते है उनके काटने पर 50 प्रतिशत ही जहर शरीर में जाता है। उन्होंने बताया कि सर्पदंश के सर्वाधिक मामले वर्षा के मौसम में आते हैं। सभी सतर्क रहें, खास तौर से इस मौसम में खेतों में काम करने वाले किसान पूरे जूते पहने साथ में बैटरी रखें। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर जिले के नजदीकी स्वास्थ्य संस्था पीएचसी, सीएचसी, सीएच एवं जिला चिकित्सालय में चिकित्सीय परामर्श के साथ उपचार प्राप्त करें। सभी संस्थाओं में पर्याप्त मात्रा में एंटी स्नेक वेनम उपलब्ध है।

### जल गंगा संवर्धन अभियान



**नीमच।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण में म.प्र.नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। गांव-गांव में जनसहभागिता से जल संरक्षण के अभूतपूर्व कार्य हुए है। यह बात मनासा विधायक श्री अनिरुद्ध मारू ने सोमवार को मनासा क्षेत्र के ग्राम भाटखेड़ी बुजुर्ग में आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान के विकासखण्ड स्तरीय समापन समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर त्रि-स्तरीय पंचायतों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, एसडीएम श्री पवन बारिया, जनपद सीईओ श्री अरविंद डामोर, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी तथा ग्रामीणजन उपस्थित थे। इस अवसर पर विधायक श्री मारू ने क्षेत्र में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाली पंचायतों के सरपंच, सचिवों और ग्राम रोजगार सहायकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया और खेत तालाब, डगवेल रिचार्ज करने वाले हितग्राहियों को भी सम्मानित किया।

## शिक्षक बैरागी की सेवानिवृत्ति पर सम्मान पूर्वक विदाई समारोह आयोजित



नवभारत न्यूज

**मल्हारगढ़। शासकीय हाई स्कूल बरखेड़ा देव के अध्यापक कालूदास बैरागी की सेवानिवृत्ति के अवसर पर बरखेड़ा देव डूंगरी देवनारायण मंदिर पर समारोह पूर्वक सम्मान के साथ बैरागी का विदाई समारोह आयोजित किया गया।** इस अवसर पर समाजसेवी ओमप्रकाश बदवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष विजयवर्गीय, सरपंच प्रतिनिधि कृष्णपाल सिंह शक्तावत, मंडल भाजपा उपाध्यक्ष धर्मेंद्र गहलोत, पंच प्यारे समूह प्रधान मांगीलाल भाना, डॉ योगेश कच्छावा, पूर्व सरपंच शिवलाल पाटीदार, अशोक कुमार पाटीदार बरखेड़ादेव, बीआरसी प्रमुख शिशिर विजयवर्गीय, चन्द्रमणी संपादक राधेश्याम बैरागी, मंचासीन थे। माध्यमिक विद्यालय बरखेडा देव प्राचार्य ओमप्रकाश केसरिया, प्रहलाद व्यास, पुष्पा पाटीदार किरण जैन सहित अनेक अध्यापकों ने अतिथियों का स्वागत किया। । । इस अवसर पर मावि बरखेड़ा देव द्वारा अभिनंदन पत्र भेंट किया गया अभिनंदन पत्र का वाचन शिशिर विजयवर्गीय ने किया। समारोह में हाई स्कूल बरखेड़ा देव, हाई स्कूल पिपलिया विशनिया, शासकीय मावि बरखेड़ा देव, प्रावि बरखेड़ा देव, माध्यमिक विद्यालय मनासा खुर्द, कन्या मावि,मल्हारगढ़, मावि सुठोद, माध्यमिक विद्यालय चंगेरी, प्रावि पिपलिया सोलंकी, प्रावि जोगनी, प्रावि भेसाखेड़ा, प्रावि कुम्हारी, प्राथमिक विद्यालय मोलियाखेड़ी, प्रावि मूडली, पंच प्यारे समूह मल्हारगढ़, चंद्रमणी समाचार पत्र परिवार मल्हारगढ़, ओमप्रकाश बैरागी, श्यामदास बैरागी सरवानिया, सौरभ बैरागी रिंगनोद, घनश्याम बैरागी नेवड, रामचंद्र दास बैरागी दुर्गादास बैरागी सम्मान किया।

> इस अवसर पर सेवानिवृत अध्यापक कालूदास बैरागी ने शासकीय हाईस्कूल बरखेड़ा देव में साउंड सिस्टम भेंट किया एवं छात्र-छात्राओं को डिक्शनरी भेंट की। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक गजेन्द्र जैन ने किया प्राचार्य ओमप्रकाश केसरिया ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के पश्चात सभी का सहभोज हुआ। रात्रि में देवरा चौक मल्हारगढ़ से ढोल-ढमाके और बैंड- बाजों के साथ जुलूस निकाला गया। इस अवसर पर अनेक स्थानों पर श्री बैरागी का सम्मान किया गया और उनके निवास स्थान तक विदाई दी गई और अंत में उनके निवास पर बैरागी ने सभी स्नेहीजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मेरे कार्यकाल के दौरान जाने अनजाने में किसी भी प्रकार की कोई गलती हुई हो तो मुझे क्षमा करें।

## जिले में अब तक 154.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**मंदसौर।** जिले में इस वर्ष अब तक औसतन 154.7 मि.मी. वर्षा दर्ज की गयी है। जब कि पिछले 24 घन्टों में मंदसौर जिले में 5.2 मिमी वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। पिछले 24 घन्टों में मंदसौर में 29.0 मि.मी., सीतामऊ में 0 मि.मी., सुवासरा में 0 मि.मी., गरोठ में 0 मि.मी., भानपुरा में 0 मि.मी., मल्हारगढ़ मे 0 मि.मी., धुधंड़का में 2.0 मि.मी., शामगढ़ में 0 मि.मी., संजीत में 0 मि.मी., कयामपुर में 6.0 मि.मी. एवं भावगढ़ में 21.0 मि.मी वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है।, सीतामऊ में 93.8 मि.मी. सुवासरा में 65.2 मि.मी., गरोठ में 132.8 मि.मी., भानपुरा में 307.0 मि.मी., मल्हारगढ़ मे 92.0 मि.मी., शामगढ़ में 134.2 मि.मी., संजीत में 110.0 मि.मी., कयामपुर में 90.7 मि.मी. एवं भावगढ़ में 241.0 वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है।

## 2 किलो 800 ग्राम अफीम समेत 1 गिरफ्तार, 2 फरार

**पिपलियामण्डी।** पुलिस ने 2 किलो 800 ग्राम अफीम समेत 1 आरोपी को गिरफ्तार किया। वहीं दो फरार है। जानकारी के अनुसार नाहरगढ़ पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पालियामारु मार्ग पर बाइक सवार को रोका, तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 2 किलो 800 ग्राम अवैध अफीम बरामद हुई।



## प्रा.मा. एवं उच्च मा. शिक्षक संघ ने ई अटेंडेंस का विरोध कर ज्ञापन सौंपा

नवभारत न्यूज

**भानपुरा नि.प्र. तहसील कार्यालय भानपुरा में नायब तहसीलदार भीम सिंह खराड़ी को 1 जुलाई से म.प्र. में शिक्षा विभाग में लागू होने वाली ई अटेंडेंस पद्धति के विरुद्ध म.प्र. प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षक संघ उज्जैन के द्वारा ज्ञापन सौंपा गया।** संपूर्ण मध्य प्रदेश में अटेंडेंस के खिलाफ दिए जा रहे ज्ञापन की श्रृंखला में ब्लॉक स्तर पर भानपुरा में भी ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में इसे सरासर शिक्षकों का अपमान बताया गया, साथ ही लिखा गया कि यह योजना शिक्षकों के सम्मान को ठेस पहुंचाती है व शिक्षकों को संदेह की नजर से देखा जाएगा। ज्ञापन में राष्ट्रीय स्तर पर भी एन ए एस परीक्षा में प्रदेश के अव्वल रहने का भी हवाला दिया गया।प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के नाम सोंफे गए ज्ञापन में संभागीय सचिव फूलचंद गुर्जर, जिला अध्यक्ष रत्नेश जैन, ब्लॉक अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह चौहान, भावना गेहलोत, मीनाक्षी वधवा, सोनाक्षी वधवा, हाफिज मोहम्मद, रामसिंह रावत, बलराम गायरी, भारमल गौड़, मुकेश राठौर, मनीष प्रजापति अशोक राठौर ,सांवलिया आंजना, लखन पुरोहित, वीरेंद्र लोहार, सुरेश राठौर, दुर्गा शंकर मेहरा आदि उपस्थित थे। ज्ञापन का वाचन संभागीय सचिव फूलचंद गुर्जर ने किया। एवं आभार ब्लॉक अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह चौहान ने माना।



## जिला खाद्य आपूर्ति विभाग ने जिले के पेट्रोल पंपों का निरीक्षण कर जांच की

**मंदसौर।** जिला आपूर्ति अधिकारी एनएस चंद्रावत द्वारा बताया गया कि, शासन से प्राप्त निर्देशानुसार जिला आपूर्ति अधिकारी, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी रघुराज सिंह डोडिया एंव श्रीमती आराधना खड़िया के साथ मंदसौर शहर मे संचालित पेट्रोल / डीजल पम्प उत्सव रामटेकरी मंदसौर, मिश्रिलाल बीपीएल चौराहा मंदसौर, भण्डार फयुल्स सीतामऊ फाटक मंदसौर तथा तहसीलदार दलोदा अभिषेक चौरसिया के साथ दलोदा क्षेत्र के कुशलता फयुल्स फतेहगढ दलोदा, आशापुरा फयुल्स दलोदा एंव हीरालाल ब्रदर्स का निरीक्षण कर भूमिगत पैट्रोल डीजल टेंक मे पानी की स्थिति को देखा। जिसमे किसी भी पैट्रोल पम्प के टेंक में पानी का मिश्रण नहीं पाया गया। पम्प पर पिने के पानी, साफ सफाई, शौचालय एंव मुफ्त हवा जैसी व्यवस्थाओ को देखा गया एंव आवश्यक निर्देश दिए गए। पैट्रोल डीजल का नाप 5 लीटर जार से किया गया एंव गुणवत्ता डेनसिटी की जांच की गई।

**एक नजर** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले की ऐतिहासिक धरोहर को नवजीवन मिला है

## जलगंगा संवर्धन अभियान से पुनर्जीवित हुई मंदसौर की 6 बावड़ियां

**मंदसौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रारंभ किए गए जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से जिले की प्रमुख एवं प्राचीन और ऐतिहासिक बावड़ियां अपने मूल स्वरूप में दिखने लगी है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत, जिले की ऐतिहासिक धरोहर को नवजीवन मिला है। यह सफलता केवल विकास और जल संरचना के पुनरुद्धार की नहीं, बल्कि प्रदेश की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत के संरक्षण की भी है।** मुख्यमंत्री डॉ. यादव के पर्यावरण



संरक्षण दृष्टिकोण और जल संरक्षण को लेकर प्रतिबद्ध नेतृत्व ने इस अभियान को जन-आंदोलन का रूप दिया है।

विकासखंड की मंदसौर अखाशा की बावड़ी, सात सहेलियों की बावड़ी, नागदेवता की बावड़ी। विकासखंड सीतामऊ में औखा बावड़ी, कयामपुर। विकासखंड गरोठ में छाजड़जी की बावड़ी, गरोठ। विकासखंड भानपुरा में गणेश मंदिर वाली बावड़ी केथुली शामिल हैं। जिला प्रशासन एवं जन अभियान परिषद के अथक प्रयास से अपने मूल स्वरूप में लौटी है। अभियान का ही परिणाम है कि, यह संरचना फिर से उपयोग लाने लाइक बन गई है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की दूरदर्शिता ने इन बावड़ियों को एक बार फिर जीवंत कर दिया है। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत यह कार्य न केवल एक संरचना का पुनरुद्धार है, बल्कि जल संरक्षण के प्रति मध्यप्रदेश सरकार की गहरी प्रतिबद्धता का भी प्रमाण है।

# नीमच

## एक नजर में

### जल संरचनाओं से मिट्टी निकालने का जिले में अभूतपूर्व कार्य हुआ है : सखलेचा



**नीमच।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जनभागीदारी से जल सरंक्षण के प्रभावी कार्य हुए है। नीमच जिले में तालाबों एवं जल संरचनाओं से जनसहयोग से मिट्टी निकालने का अभूतपूर्व कार्य हुआ है। इससे जलाशयों की जल भराव क्षमता बढ़ी है और किसानों को अपने खेतों के लिए उपजाऊ मिट्टी भी मिली है। यह बात विधायक जावद श्री ओमप्रकाश सखलेचा ने सोमवार को जावद क्षेत्र के ग्राम दड़ोली में जल गंगा संवर्धन अभियान के विकासखण्ड स्तरीय समापन समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कही। इस मौके पर जनपद अध्यक्ष श्री गोपाल चारण, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि श्री मांगीलाल भील, श्री अर्जुन माली, पंचायत पदाधिकारी एवं अन्य जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। इस अवसर पर जल गंगा संवर्धन अभियान के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का खण्डवा से सीधा प्रसारण भी किया गया, जिसे उपस्थित अतिथियों और ग्रामीणजनों ने देखा व सुना। विधायक श्री सखलेचा ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिवों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर, सम्मानित किया। विधायक श्री सखलेचा ने खेत तालाब, डगवेल रिचार्ज करने वाले हितग्राहियों को भी सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन श्री देवीलाल खिंची एवं आभार श्री मुकेश खिंची ने व्यक्त किया। इस अवसर पर विधायक श्री सखलेचा, एसडीएम श्रीमती प्रीति संघवी ने कार्यक्रम स्थल पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण भी किया।

### आगामी प्रतिभा सम्मान समारोह की रूपरेखा तय, बैरागी समाज की बैठक में हुई चर्चा



**नीमच।** बैरागी समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक सफलता पूर्वक संपन्न हुई, जिसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई साथ ही बैठक में आगामी रविवार को आयोजित होने वाले प्रतिभा सम्मान समारोह की रूपरेखा पर चर्चा हुई। इस समारोह में समाज के प्रतिभा शाली छात्र-छात्राओं जिन्होंने 10वीं और 12वीं में 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं उन्हें सम्मानित किया जाएगा।बैठक की शुरुआत भगवान विष्णु के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना के साथ हुई। उसके बाद बैठक में समारोह के समय, स्थान और सम्मानित व्यक्तियों की सूची पर भी चर्चा की गई। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष नरेंद्र जी बैरागी द्वारा सभी सदस्यों से अनुरोध किया कि वे इस समारोह को सफल बनाने में अपना योगदान दें।

## ''सुख शान्ति की ओर कदम..'' कार्यक्रम को भारी सफलता

▶ विघ्न विनाशक राजयोग तपस्या में 1000 से अधिक ब्रह्मावत्स सम्मिलित हुए




नवभारत न्यूज

**नीमच। ''संयुक्त परिवार का विघटन रोकने के एक दूसरे के विचारों को सम्मान दें, कम से कम सांध्यकालीन भोजन तो एक साथ बैठकर ही करना चाहिए, इससे घर का माहौल सदैव हल्का रहता है। परिवार के बच्चों को आध्यात्मिक पुस्तकों का गिफ्ट देकर तथा कोई प्रतियोगिता कर प्रोत्साहन पुरूस्कार देते रहना चाहिए'' उपरोक्त विचार सुप्रसिद्ध प्रेरक वक्ता, दिव्य प्रभा राजयोगिनी बी.के.गीता बहनजी ने ''सुख शांति की ओर कदम..'' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किये।**

खचाखच भरे सद्भावना सभागार में उपस्थित जिले के प्रमुख उच्चाधिकारी, राजनेता एवं प्रतिष्ठित जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे। बी.के.गीता बहन ने इन सभी के सम्मुख संकल्प की शक्ति का महत्व बताते हुए कहा कि हर संकल्प में एक क्रिएटिव एनर्जी होती है जिसे हमें सकारात्मक रूप से प्रयोग में लाना है। जो हम अपने सोच में निरन्तरता लाते हैं वही हमारा स्वरूप बन जाता है, इसलिए हमेशा व्यर्थ और नकारात्मक संकल्पों से बचकर सकारात्मक और शक्तिशाली संकल्पों के लिए नियमित रूप से मेडिटेशन का अभ्यास अवश्य करें। यह आध्यात्मिक प्रयास मन को सही दिशा की और ले जाएगा।''

> उपरोक्त कार्यक्रम देर रात्रि तक चला जिसका संचालन बी.के.श्रुति बहन ने किया तथा स्वागत भाषण सविता दीदी द्वारा प्रस्तुत किया गया। इसके पूर्व दोपहर में नगर के दशहरा मैदान स्थित टॉउन हॉल में नीमच, मनासा, रामपुरा, जावद, जीरन, मल्हारगढ़, पिपलिया मण्डी एवं नारायरगढ़ आदि स्थानों के 1000 से अधिक नियमित राजयोगी ब्रह्मावत्सों ने 5 घण्टे से अधिक की अखण्ड मौन तपस्या की तथा राजयोगी बी.के.सूर्य भाई जी तथा दिव्य प्रभा ब्रह्माकुमारी गीता बहन जी ने सभी राजयोगी भाई-बहनों को आध्यात्मिक उन्नति के अनेक सरल टिप्स दिये व राजयोग का अभ्यास भी करवाया। इसके पश्चात सभी के लिए ब्रह्माभोजन प्रसादी का आयोजन भी किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विश्व प्रसिद्ध प्रेरक वक्ता व संकल्प सिद्ध योगी राजयोगी बी.के.सूर्य भाई जी के साथ ही बी.के.गीता बहन, बी.के. सविता बहन, फैमिली कोर्ट के विशेष न्यायाधीश श्री कुलदीप जैन, मुख्य न्यायीक दण्डाधिकारी श्री रवि कुमार बोरासी, विधायक श्री दिलीप सिंह परिहार, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति चौपड़ा, भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती वन्दना खण्डेलवाल, ज्ञानोदय विश्व विद्यालय की कुलाधिपति डॉ. माधुरी चौरसिया, डिप्टी कमाण्डेंय तरंग बंसल, वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष चौपड़ा तथा डॉ. अशोक जैन आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया।

**एक नजर** निपानिया गुरुजी के साथ विधायक, नपाध्यक्ष व भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया भूमिपूजन

## 24 लाख की लागत से नगरपालिका करेगी मुक्तिधाम मार्ग का कायाकल्प

**नीमच।** नगर पालिका परिषद नीमच द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति-गौरव चोपड़ा के मार्गदर्शन में जारी विकास श्रृंखला के तहत 29 जून रविवार को सायंकाल वार्ड क्रमांक 14 स्थित नीमच केंट शमशान के पास शमशान रोड़ से एसटीपी प्लांट तक 23.67 लाख की लागत से निर्मित होने वाले सीमेंट कांक्रीट रोड का भूमिपूजन निपानिया गुरुजी महामंडलेश्वर सुरेशानंद जी शास्त्री के विशिष्ट आतिथ्य में विधायक दिलीपसिंह परिहार, नपाध्यक्ष स्वाति-गौरव चोपड़ा, भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती वंदना




खंडेलवाल, नपा उपाध्यक्ष रंजना-करणसिंह परमाल व पार्षद किरण शर्मा ने अन्य अतिथिगणो की उपस्थिति में किया।

इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री दारासिंह यादव, नपा सभापति छाया जायसवाल, कुसुम जोशी, मुक्तिधाम विकास समिति अध्यक्ष अतिश तोतला, सचिव राजेंद्र जारोली, कोषाध्यक्ष सुधीर अग्रवाल, शिव माहेश्वरी, योगेश जैन, पार्षद राकेश किलोरिया, केदार राठौर, रामचंद्र धनगर, कमल शर्मा, रूपेंद्र लोक्स, आलोक सोनी, मंडल महामंत्री अनिल माली, दुर्गेश शर्मा आदि भी मंचासीन थे।

भूमिपूजन कार्यक्रम पश्चात अतिथिगणों ने मुक्तिधाम समिति द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों का अवलोकन कर मुक्तिधाम व हेडगेवार बस स्टैंड पर पौधरोपण किया।

पौधारोपण कार्यक्रम में पर्यावरण जागरण का संदेश देने एक लाख किलोमीटर की यात्रा पर निकले माउंट एवरेस्ट तक जाने वाले साइकिल यात्री सुबोध विजय भी विशेष रूप से उपस्थित थे।




## नीमच के एसपी कार्यालय पहुंची भूमाफियाओं की शिकायत

▶ धनेरियाकलां के पीड़ित किसान किशोर अजमेरा ने ज्ञापन सौंप लगाई न्याय की गुहार

**नीमच।** जिले के धनेरिया कला के एक किसान किशोर अजमेरा ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। अजमेरा ने आरोप लगाया है कि भू-माफिया कमलेश धनगर और नमन गुर्जर ने उनकी ज़मीन पर जबरन कब्ज़ा करने की कोशिश की और उन पर व उनके परिजनों पर हमला भी किया। किसान अजमेरा के अनुसार, 27 तारीख को भू-माफियाओं ने उनके खेत पर आकर उन्हें व उनके भतीजे को धमकाया।शिकायत करने के बाद जब अजमेरा और उनके परिजन खेत पर इकट्ठा हुए, तो कमलेश धनगर और नमन गुर्जर अपने साथियों के साथ रिवाल्वर, लाठी और कुल्हाड़ी लेकर आए और फायरिंग भी की, जिससे उन्हें भागना पड़ा। इस दौरान हमलावरों ने उनकी पांच बाइकों को भी तोड़ दिया। अजमेरा ने बताया कि उन्होंने एक हमलावर, तुषार राठौर को मौके पर ही पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया,जिसने पूछताछ में पैसे लेकर आने की बात कबूली थी।



## पटवारियों की मांग के समर्थन में उतरी संघ की जिला शाखा, कलेक्टोरेट पहुंचकर सौंपा ज्ञापन

**नीमच। आज मध्य प्रदेश पटवारी संघ की जिला शाखा द्वारा प्रदेश के पटवारियों की मांग के निराकरण के संबंध में एक ज्ञापन दिया गया।** 9 सूत्रीय ज्ञापन में मुख्य रूप से कहा गया है कि वर्तमान में अंतर जिला संविलयन में प्रदेश स्तर पटवारियों के स्थानांतरण में वंचित वास्तविक और उचित पात्र पटवारियों को स्थानांतरण योजना का लाभ नहीं दिया गया है।

संविलियन स्थानांतरण नीति के तहत 5: के हिसाब से लगभग 1200 पटवारी को स्थानांतरण की पात्रता बनती है। लेकिन मात्र 509 पटवारियों को स्थानांतरण का लाभ देकर 700 से अधिक पटवारियों को स्थानांतरण लाभ से वंचित किया गया है। पटवारी संघ ने मांग की है कि न्यायोचित वंचित पटवारियों का स्थानांतरण किया जाए।ज्ञापन में समान कार्य समान वेतनमान, कैडर रिव्यू ,पदोन्नति, विभागीय परीक्षा, गोपनीयता चरित्रावली, अतिरिक्त वेतन, स्वामित्व योजना की राशि का भुगतान, साइबर तहसील आदि के बारे में भी पटवारी संघ ने अपनी मांगे रखी है।